स्कूल की रिक्त सीटों में प्रवेश देने के लिए... पृष्ठ 2 | सुखमय जीवन हेतु श्रीमदभागवत... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरूवार, 16 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 213, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## बंगाल में विपक्ष पर बरसे अमित शाह, कहा- पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे

**हुगली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हुगली के श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और ममता बनर्जी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। अमित शाह ने कहा, ममता बनर्जी, कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि आर्टिकल 370 को मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेंद्र मोदी का शासन है। 5 साल हो गए खून की नदियां छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब इंडी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थीं। आज पाक अधिकृत कश्मीर में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है। पहले कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी, आज पीओके में पत्थरबाजी होती है।'' अमित



शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2 करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर आकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और पाक अधिकृत कश्मीर में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बना दिया है। लेकिन, मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला देश को डराने का काम कर रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके की बात मत करो। मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि राहुल गांधी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने आगे राज्य की तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे। लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया। उनकी सरकार ने 10 साल में बंगाल के विकास के लिए मात्र 2 लाख करोड़ रुपये दिए। जबकि पीएम मोदी ने 10 साल में 9 लाख, 25 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया। लेकिन ये पैसा आप तक नहीं पहुंचा। क्योंकि ये 9 लाख करोड़ गुंडे खा गए।

## कांग्रेस की 2 महिला नेताओं को हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी: पूर्व सांसद छाया वर्मा को चौपाल और अनिला ठियोग की ऑब्जर्वर नियुक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की दो कांग्रेस महिला नेताओं को लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हिमाचल प्रदेश के शिमला लोकसभा



सीट के चौपाल विधानसभा के लिए पूर्व सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को ठियोग विधानसभा का ऑब्जर्वर बनाया गया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था। भूपेश राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कांग्रेस नेत्री छाया वर्मा इससे पहले राज्यसभा सांसद रह चुकी है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में धरसींवा से टिकट दिया था। हालांकि यहां से छाया को हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक अनिला भेड़िया कांग्रेस सरकार में मंत्री थी। उनके पास महिला एवं बाल विकास विभाग था। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार के ज्यादातर मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन अनिला उन चुनिंदा मंत्रियों में से थी जो कांग्रेस की करारी हार के बावजूद जीतकर आई थी। रायपुर लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## अमीर और गरीब की लड़ाई है मौजूदा लोकसभा चुनाव : खड़गे

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अमीरों और गरीबों के बीच हक और



हुकूक की लड़ाई है जिसमें इंडिया गठबंधन पूरी तरह देश की गरीब जनता के साथ है। खड़गे ने यहां एक होटल में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आजादी के बाद से यह पहला लोकसभा चुनाव है जो हर लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। सभी जानते हैं कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। इसके एक तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है जो चंद पूंजीपतियों के हक में खड़ी है और इसके लिये संविधान भी बदलने को तैयार है जबकि दूसरी ओर 26 राजनीतिक दलों का गठबंधन है जो गरीब,आदिवासी,बेरोजगार और महिलाओं के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों में इंडिया गठबंधन भाजपा और उसके सहयोगी दलों से काफी आगे चल रहा है और चार जून को नतीजे चौंकाने वाले होंगे जब भाजपा का सफाया होगा और देश में गठबंधन की सरकार बनेगी। क

## आरएनआई रिटर्न के नये प्रावधानों को सरल किया जाए

**भोपाल।** भारत के समाचार पत्र पंजीयक द्वारा प्रति वर्ष RNI रिटर्न दाखिल करने के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं से वार्षिक विवरण मांगा जाता है,जिसे प्रकाशक अपने समाचार पत्र की जानकारियां आनलाइन भरकर भेज दिया करते थे। इस बार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (RNI) ने रिटर्न जमा करने के लिए एक नये पोर्टल के साथ संशोधन करते हुए कुछ नये और कड़े प्रावधान जोड़े है,जिससे प्रकाशकों को काफी परेशानी आ रही है। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ ही प्रेस संचालक (प्रिंटर्स) को भी पैनल में शामिल किया गया है। इससे समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशकों को रिटर्न फाइल करने में समस्या आ रही है। यदि इन प्रावधानों को सरल नहीं किया गया तो कई समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशक रिटर्न जमा करने से वंचित रह जायेंगे। इसके पीछे देश में बढ़ती अखबारों की संख्या को कम करने के नजरिए से देखा जा रहा है।प्रिंट मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्टीय अध्यक्ष परवेज भारतीय एवं मध्यप्रदेश अध्यक्ष रघु मालवीय ने कहाँ यदि समाचार पत्र पत्रिकाओं की संख्या कम करना ही है तो उसके लिए टाइटल आवंटन से लेकर ऋह्ढ्ढ पंजीयन जारी करने के नियमों में संशोधन करना चहिये। जो समाचार पत्र पत्रिकाएं पूर्व से निरंतर प्रकाशित हो रहे है,उनको बंद करवाने के लिए इस तरह के कड़े प्रावधान सार्थक नहीं है। आरएनआई की इस नई व्यवस्था से समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशकों में रोष व्याप्त है। *प्रिंट मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन इसका कड़ा विरोध करती है और भारत सरकार के सूचना प्रकाशन मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए पूर्व की तरह आरएनआई रिटर्न लेने के लिए अपील करती है।

## आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, बस-लॉरी की टक्कर में 6 लोग जिंदा जले

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में बुधवार तड़के एक टिप्पर लॉरी की एक बस से टक्कर हो गई जिसके बाद बस में आग लग गई। इस दुर्घटना में छह लोगों की जलकर मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना चिलकलुरिपेटा मंडल के पासुमरु के पास उस समय हुई जब प्राइवेट ट्रैवल्स की बस रात करीब 1 बजे एक टिप्पर से टकरा गई। बस बापटला जिले के निलायापलेम से हैदराबाद जा रही थी। घायल यात्रियों ने कहा कि वे सोमवार को विधानसभा और लोकसभा के लिए हुए चुनाव में वोट डालने के बाद हैदराबाद लौट रहे थे। मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश के मूल निवासी काशी ब्रह्मेश्वर राव (62), लक्ष्मी (58), श्रीसाई (9), बस चालक अंजी, टिपर चालक हरि सिंह के रूप में हुई है। एक मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। घायलों को चिलकलुरिपेट और गुंटूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जीवित बचे एक व्यक्ति ने कहा कि टक्कर के चलते बस में आग लगने के बाद यात्री तुरंत बाहर निकल आए। कुछ लोग खुद को बचाने के लिए खिड़की के शीशे तोड़कर बाहर कूद गए। हालांकि, एक बुजुर्ग दंपत्ति और एक बच्चा बाहर नहीं आ सके। बस में करीब 42 यात्री सवार थे। वे बापटला जिले के निलयपालेम मंडल के रहने वाले थे और सोमवार को वोट डालने के बाद हैदराबाद लौट रहे थे।

## जुड़वा भाई-बहन का कमाल : सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में दोनों के 91 फीसदी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षक दंपत्ति के सुपुत्र जुड़वा भाई-बहन ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कमाल कर दिया है। दोनों ने 12 वीं में 91 फीसदी अंक अर्जित कर वाइडनर स्कूल के साथ ही देवांगन परिवार को गौरवान्वित किया है। शहर के दीनदयाल नगर (चिखली) निवासी महेन्द्र देवांगन (व्याख्याता, बोरी हाईस्कूल) एवं प्रीती देवांगन (शिक्षिका, खपरीकला) के पुत्र आदित्य देवांगन व पुत्री अदिती देवांगन हैं। दोनों जुड़वा हैं। दोनों



वाइडनर मेमोरियल स्कूल में अध्ययनरत रहे। 12 वीं के विज्ञान संकाय से आदित्य ने 91.8 फीसदी अंक अर्जित किए जबकि अदिती ने गणित संकाय से 90.8 फीसदी अंक अर्जित किए। आदित्य को इंग्लिश में 95, फिजिक्स में 81, केमेस्ट्री में 95, बायो में 87 अंक मिले। अदित को इंग्लिश में 90, गणित में 94, फिजिक्स में 84, केमेस्ट्री में 94 अंक अर्जित किए। 10 वीं बोर्ड में भी दोनों भाई-बहन ने शानदार सफलता अर्जित की थी। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों को दिया। आदित्य भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है। जबकि अदिती का सपना डॉक्टर बनने का है। अदिती डाक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती है। उन्होंने तैयारी भी शुरु कर दी है। वाइडनर स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के अलावा देवांगन समाज के अध्यक्ष दयावान देवांगन व गिरधर देवांगन, टिकेन्द्र साहू व सुरेश साहू आदि ने इस शानदार उपलब्धि के लिए आदित्य व अदिती को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



**गुंजन देवांगन की उपलब्धि**

बालभारती पब्लिक स्कूल की छात्रा कु. गुंजन देवांगन ने सीजी 12वीं बोर्ड में 90 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। बोरी निवासी युवा व्यवसायी हुकुमचंद-सोहद्रा की सुपुत्री गुंजन प्रारंभ से मेधावी रही। पूर्व सरपंच एवं दादा जी ठाकुरराम देवांगन ने इस उपलब्धि पर गुंजन को बधाई दी है।

## बीजेपी उम्मीदवार हड़प रहे लोगों की जमीनें- प्रियंका गांधी

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तहसील क्षेत्र में बुधवार को कांग्रेस से लोकसभा उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने विधानसभा क्षेत्र के उमरन, अकोढ़िया तथा ऊंचाहार नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया।इस दौरान भारी संख्या में लोगों का हुजूम देखने को मिला।प्रियंका गांधी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार कहती है कि हमने 10 सालों में जो काम किया है, वो काम कांग्रेस के लोग 70 सालों में नहीं कर पाए।उन्होंने कहा कि उनकी इन बातों से हम सहमत हैं कि महंगाई व बेरोजगारी का स्तर जितना दस सालों में बढ़ा उतना कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं हुआ।मोदी प्रधानमंत्री रहते विदेश गये लेकिन दस वर्षों में कभी किसी गरीब के घर नहीं गये।उन्होंने कहा कि हम कुछ दिनों पहले नरसंहार की घटना में आदिवासियों से मिलने सोनभद्र गये थे।जहां उन्हें एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि तुम्हारी दादी यहां



आई थी, जिनको हमने खीर खिलाई थी जबकि उस दौर में ऐसी जगहों पर जाने भी संसाधन व रास्ते की समस्या होती थी। उन्होंने इशारे में बीजेपी उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी उम्मीदवार ने अपने भाईयों के साथ लूट मचा रखी है, लोगों की जमीनें हड़प रहे है।प्रधानों व कोटेदारों पर दबाव बनाया जा रहा है।वहीं जनसभा में मौजूद फतेहपुर जिले के खागा के रहने वाले मो अनवर अपने आप को नहीं रोक पाये और समस्या लेकर मंच पर खड़े हो गये।जिसने कहा कि वो पिछले तीन सालों से परेशान हैं लोग उसका मकान जमीन हड़पना चाह रहे हैं उसने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पाया।इसके अलावा उन्होंने छत्तीसगढ़, राजस्थान में पूर्व में रही कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर पूर्व विधायक अजय पाल सिंह, पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शाहीन सुल्तान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मेहंदी हसन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मोहला मानपुर चौकी जिला में प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त समाज की बेटी को बधाई एवं शुभकामना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चौकी मोहला मानपुर नवीन जिला के अंतर्गत ग्राम मेरेगांव, अंबागढ़ चौकी निवासी कक्षा 12वीं में गणित विषय लेकर 92.20त्न अंकों से प्रथम स्थान पर उत्तरीण करने वाली समाज की होनहार एवं प्रतिभावान बेटी कु0 अराधना निषाद को बहुत-बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं। अंबागढ़ चौकी स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल की छात्रा कुमारी अराधना निषाद पिता श्री कामदेव निषाद माता श्रीमती तिलोक बाई निषाद की चौथे नंबर की सुपुत्री हैं जिन्होंने कक्षा 12वीं में 92.20त्न दसवीं में 91त्न एवं पांचवी में 95त्न से उत्तरीण की है। इनकी सबसे बड़ी दीदी का विवाह हो चुका है जो बी, ए, की शिक्षा प्राप्त की है तथा दूसरे नंबर की दीदी बीएससी बायो, एमएससी केमेस्ट्री एवं क्र.श्वस्र की शिक्षा प्राप्त कर प्राइवेट संस्कार स्कूल में टीचर हैं तथा अंग्रेजी में एम, ए, की पढ़ाई भी कर रही हैं। तीसरे नंबर की दीदी बीएससी मैथ्स एवं पीजीडीसीए वर्तमान में एम ए अंग्रेजी की पढ़ाई कर रही हैं तथा पांचवें नंबर की इनकी छोटी बहन इस वर्ष कक्षा आठवीं 88त्न अंकों से उत्तीर्ण कर कक्षा नवमी में प्रवेश लेगी। इस प्रकार से देखा जाए तो यह सभी बहने पढ़ाई/ शिक्षा के क्षेत्र में काफी अग्रणी है। शिक्षा के प्रति इनके परिवार में काफी जागरुकता है। इनके पिता पूर्व में मकान ठेकेदारी का कार्य करते थे किंतु अधिक उम्र होने के कारण अब वर्तमान में मात्र कृषि कार्य करते हैं तथा इनकी माता गृहणी है एवं कृषि कार्य में अपने पति का हाथ बटाती हैं। इनके माता पिता दोनों आठवीं तक की पढ़ाई किए हैं। आपके माता-पिता बहुत ही भाग्यशाली हैं तथा धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने आप सभी पांचो बहनों को इतनी अच्छी शिक्षा एवं संस्कार दिए हैं। कुमारी अराधना निषाद 12वीं के बाद मैथ्स में ही पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कॉलेज में व्याख्याता बनने की चाह रखती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी एवं श्री गुहा निषादराज जी से प्रार्थना करता हूं कि वे आपकी इच्छा को अवश्य ही पूर्ण करें। अंत में अराधना बेटी को आपके माता-पिता आपकी तीनों दीदी एवं छोटी बहन को आपके पूरे परिवार को एवं आपके गुरुजनों को भी बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

## शहर में धूमधाम के साथ निकली जलाराम बापा की भव्य शोभायात्रा

### पाटीदार समाज सहित जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का भव्य स्वागत, कल प्राण-प्रतिष्ठा में पधारेंगे डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव **(नांदगांव टाइम्स)।** शहर के कंचन बाग स्थित गुजराती कालोनी स्थित श्री जलाराम मंदिर में भगवान श्री राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, शिव परिवार के साथ श्री जलाराम बाप्पा की मनोहारी प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन होने जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन के इस क्रम में मंगलवार 14 मई की सुबह इन मनोहारी प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री जलाराम मंदिर कैलाश नगर से निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। द्वारा मनोहारी प्रतिमाओं का पूजन-अर्चना कर शोभायात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। बता दे कि कंचन बाग गुजराती कालोनी स्थित श्री जलाराम मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश, श्रीराम दरबार, श्री राधाकृष्ण, श्री शिव परिवार सहित संत शिरोमणि श्री जलाराम बाप्पा की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। इसकी प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन 14 मई मंगलवार से विधि-विधान के साथ आयोजित है। शोभायात्रा के धूमधाम के साथ नगर भ्रमण के पश्चात श्री जलाराम मंदिर गुजराती कालोनी में प्रतिमाओं का जलाधिवास कराया गया। वही देर शाम पं. गणेश मिश्रा द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कैलाश नगर श्री जलाराम मंदिर से वार्ड भ्रमण करते हुए गुजराती कालोनी केसर नगर पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में गुजराती समाज गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं मौजूद रही। विस. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का होगा आगमन श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति, श्री लोहाणा महाजन, श्री लोहाणा महिला मंडल व श्री लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में राजनांदगांव के विधायक व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पधार रहे है। डॉ. सिंह गुरूवार 16 मई को उपरोक्त देव विग्रह एवं संत शिरोमणि श्री जलाराम बापा के प्राण-प्रतिष्ठा विधि के दौरान



उपस्थित रहेंगे। मंदिर में विधि विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद यज्ञ-हवन एवं पूर्णाहूति की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे अन्नकूट एवं महाआरती का आयोजन है। अंत में 1.00 बजे से महाप्रसादी आयोजित है।

## ज्ञान मंथन

1) मौर्य काल के दौरान राज्य के राजस्व की वसूली कौन सा अधिकारी करता था?
2) हेमिस त्योहार भगवान पद्संभव को समर्पित है, जिन्हें बुद्ध के प्रतिनिधि अवतार के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह भारत के किस भाग में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है?
3) भारत के किस राज्य में हिंडन नदी किस राज्य में बहती है?
4) विष्णु और भागवत पुराण में किस जैन तीर्थंकर को विष्णु का अवतार बताया गया है?
5) हाल ही में द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांग सोशल एक्टिविस्ट के.एस.राजन्ना को किस पुरस्कार से सम्मानित किया है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संहर्ता (2) लद्दाख (3) उत्तर प्रदेश (4) ऋषभदेव (5) पद्मश्री

# सुखमय जीवन हेतु श्रीमदभागवत में वर्णित शिक्षा का अनुशीलन आवश्यक - पुरी शंकराचार्य

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज सुखमय जीवन हेतु श्रीमद्भागवत में वर्णित शिक्षा के अनुशीलन करने के संबंध में चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि शब्द में

समाशक्त मृग, स्पर्श में समासक्त गज, रूप में समासक्त पतिङ्गे, रस में समासक्त मत्स्य और गन्ध में समासक्त भौंरे मारे जाते हैं ; जो इन पाँचों में समासक्त है, वह श्रेय तथा प्रेय से विमुख मनुष्य इनकी दासता के कारण इनके द्वारा क्यों नहीं विनष्ट किया जा सकता है। वह प्रज्ञा तथा प्राणशक्ति की क्षीणता और विलोप के कारण अवश्य ही अधोगति को प्राप्त होता है। सुखमय जीवन के लिये यह आवश्यक है कि जिज्ञासु श्रीमद्भागवत एकादश स्कन्ध में अध्याय सात से नौ तक सन्निहित अवधूत उपाख्यानके अनुसार अवधूत शिरोमणि लोकस्पर्श विहीन केवलात्म स्वरूपानन्द निमग्न श्रीदत्तात्रेयजी की शैली में अपने पूर्वजों, सगे - सम्बन्धियों तथा स्थावर - जङ्गम विविध प्राणियों एवम् पृथिव्यादि विविध पदार्थों से ग्राह्य गतिविधियों का मुझे ऐसा करना चाहिये इस प्रकार विधिमुख से शिक्षा ग्रहण करे तथा अग्राह्य गतिविधियों का मुझे ऐसा नहीं करना चाहिये इस प्रकार निषेध मुख से शिक्षा ग्रहण



करे। अन्यथा अपकर्ष, अधोगति तथा विनाश सुनिश्चित है। निन्द्य की निन्दा तथा अनिन्द्य की प्रशंसा ना कर निन्द्य से निषेध मुख से शिक्षा और अनिन्द्य से विधिमुख से शिक्षा सुखमय जीवन के लिये परमावश्यक है। यह विश्व एक विश्वविद्यालय है। इसमें स्थावर - जङ्गम विविध प्राणियों के सहित पृथिव्यादि विविध पदार्थ अपने - अपने स्वभाव के अनुसार व्यवहार रत गुरुकल्प हैं। ये श्रीदक्षिणामूर्त्ति की शैली में विधि तथा निषेध मुख से मौन व्याख्यान देते हैं। अवधूत शिरोमणि दत्तात्रेय के सदृश लोक तत्त्व विचक्षण प्रबुद्ध शिष्य बिना प्रश्न किये ही अधिभूत, अध्यात्म तथा अधिदैव सहित आत्मा और परमात्मा से स्व वर्णाश्रम उचित धृति, क्षमा, परहित, संयत जीवन के लिये अपेक्षित संयत आहार, असङ्गता, विभुता, शुद्धता, स्निग्धता, मधुर भाषिता, लोक पावनता, तेजस्विता, देदीप्य मानता, अपराभूतता, समता, निर्दोषता, एकरसता, एकरूपता, च्युति विहीनता, अविक्रिय विज्ञान घनता, प्रसन्नता, अनन्त पार गम्भीरता, प्रशान्तता, नि:स्पृहता, सारार्थ ग्राहकता, काम आदि की अकिंकरता, परिग्रह विहीनता, रसनेन्द्रिय - जननेन्द्रिय निग्रह शीलता, विषय अभिलाष विहीनता, अकिञ्चनता, नूतन बालवत् विमुग्धता, त्रिगुण पारङ्गतता, एकान्त शीलता, एकाग्रता, देहेन्द्रिय प्राणान्त:करण की एकार्थ संलग्नता, चलाचल निकेतता, तन्मयता, नि:श्रेय परायणता और अद्वय ब्रह्मात्म रूपता की शिक्षा लेकर भक्ति - विरक्ति - भगवत् प्रबोध समन्वित विमल विवेक सम्पन्न गुणसागर नागर तथा गुणमय भावों से अतिक्रान्त हो जाते हैं। इन्द्रियों के समूह को तथा मनोरूप अन्त:करण को उचित उपाय से वश में करके शरीर को क्षीण ना करता हुआ पुरुष सम्पूर्ण पुरुषार्थों को सिद्ध करने में समर्थ होता है।

## स्व. श्री केजू राम जी सिन्हा चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के संस्थापक सदस्यों में थे

### 16 मई 2024 को उनका दशगात्र कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव के संस्थापक सदस्यों में से प्रमुख रूप से रहे श्री केजूराम सिन्हा आज से 40 वर्ष पूर्व स्थापित संस्था में जमीनी स्तर पर जुड़कर हर छोटे - बड़े कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र को आज राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बिना किसी नाम एवं पहचान के निचले स्तर के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में सभी कार्य योजनाओं को वह वटवृक्ष की भाँति अपनी सेवाएं देते रहे हैं। जब राजनांदगांव में पहली बार विश्वविख्यात पदम्मविभूषण पं. बिरजू महाराज जी का राजनांदगांव में लाने के लिए उन्होंने पूरा सहयोग किये और पं. बिरजूमहाराज जी लगातार चार बार राजनांदगांव आकर अरिवल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला लेकर छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे अधिक समय दे कर संस्कारधानी राजनांदगांव का मान बढ़ाया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सप्तरंग समारोह और राष्ट्रीय कत्थक उत्सव पांच दिवसीय आयोजन कत्थक नृत्य का राष्ट्रीय संस्थान कत्थक के केन्द्र नई दिल्ली कर कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के साथ राजनांदगांव जिले के पक्ष में इतिहास में दर्ज हुआ। पेशे व्यवसाय से कृषक एवं सामाजिक व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने हर छोटे बड़े लोगों की सदैव हर संभव मदद सहयोग करने में हमेशा आगे रहे हैं। उनका जन्म दुर्ग जिला के ग्राम थनौद में पंद्रह दिसम्बर 1937 में हुआ था और 07 (सात) मई 2024 को 87 वर्ष की उम्र में गोलोक गमन किये। आज 16 मई 2024 को स्व. श्री केजूराम जी सिन्हा की दशकर्म कार्यक्रम रखा गया है, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव परिवार एवं सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक संस्थायें बुद्धिजीवी कलाकार एवं थनौद ग्रामवासियों अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। उपरोक्त जानकारी चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने दी।



## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 18 मई को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों शिक्षा सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा शनिवार 18 मई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। राजनांदगांव जिले में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 843 परीक्षणार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव में रोल नंबर 1511001 से 1511200 तक कुल 200 विद्यार्थी, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1512001 से 1512220 तक कुल 220 विद्यार्थी, जेएमजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1513001 से 1513104 तक कुल 104 विद्यार्थी, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1514001 से 1514104 तक कुल 104 विद्यार्थी तथा गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1515001 से 1515215 तक तक कुल 215 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा के आधे घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने कहा गया है। प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए जिन विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं, वह विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय के वेबसाईट से आवेदन क्रमांक एवं ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकार नहीं किया गया है, वह आवेदन क्रमांक एवं ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल नंबर की सहायता से आवेदन स्वीकार नहीं होने का कारण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश चयन परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

**जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में शामिल होंगे 843 विद्यार्थी**

## ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चे सीख रहे है कराते, बेडमिंटन रस्सी जम्प व चेस विधाएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बच्चों के मानसिक शारीरिक बौद्धिक विकास के लिए छात्र युवा मंच परिवार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शीतला माता मंदिर गार्डन में ग्रीष्म कालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस शिविर में बच्चों को कराते बैडमिंटन रस्सी जम्प चेस विधाओ से प्रशिक्षित किया जा रहा है।



## निधन

**ध्रुव यादव**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** अत्यंत दुख के साथ आप सभी को सूचित किया जाता है कि ग्राम भेड़ीकला निवासी धुरउ यादव पिता स्व. खेदू राम यादव का आकस्मिक निधन आज 15 मई 2024 को हो गया है, ग्राम भेड़ीकला के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार मे बड़ी संख्या मे स्वजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए। सरपंच कृष्णा साहू सहित ग्रामीणों जनो ने मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना कर शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।



## निधन

**हिरेंद्र दास वैष्णव**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवतापारा डोंगरगांव निवासी हीरेंद्र दास वैष्णव 83 वर्ष का निधन 15 मई को रायपुर अस्पताल में हो गया है वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे वह नगर पंचायत डोंगरगांव की पूर्व अध्यक्ष मनोरमा वैष्णव के पति थे उन्होंने अपने पीछे चार पुत्र संतोष वैष्णव सतीश वैष्णव सुनील वैष्णव संदीप वैष्णव तथा दो पुत्री छोड़ गए हैं उनका अंतिम यात्रा निज निवास डोंगरगांव सेवतापारा से निकाल कर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया अंतिम यात्रा में वैष्णव समाज के सामाजिक बंधु के साथ-साथ नगर के वरिष्ठ नागरिकगन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे।



# छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग तीन माह में निराकृत करें द्वितीय अपील - हाईकोर्ट

**राजनांदगबांव।** हाईकोर्ट बिलासपुर ने छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को स्पष्ट तौर पर आदेश पारित किया कि वह प्रस्तुत द्वितीय अपील का निराकरण 3 माह के भीतर करे. लव कुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत नगर पालिका निगम राजनांदगांव से जानकारी प्राप्ति हेतु प्रथम आवेदन 25 अक्टूबर 2023 को लगाया था जिस पर जन सूचना अधिकारी नगर पालिक निगम राजनांदगांव ने जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जानकारी उपलब्ध नहीं करने से व्यथित होकर आवेदक अभी तकनीक 28 अक्टूबर 2023 को प्रथम वीर प्रस्तुत की अपील में जानकारी 15 दिवस के भीतर दिए जाने हेतु जन सूचना अधिकारी को आदेश दिया गया. किंतु जन सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई जिससे व्यथित होकर आवेदकने द्वितीय अपील छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को दिनांक 2 फरवरी 2024 को प्रस्तुत की छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने अपील पंजीयन के पश्चात सुनवाई हेतु 5 नवंबर 2024 की तारीख दी. इतनी लंबी लगभग 1 वर्ष की बात की तिथि दिए जाने से व्यथित होकर आवेदक ने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष याचिका का प्रस्तुत की और माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायालय को अवगत कराया की सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सामान्य जानकारी 30 दिनों के भीतर दिए जाने का प्रावधान है किंतु यदि 30 दिनों के भीतर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो आवेदक प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकता है और प्रथम अपील में भी जानकारी न प्राप्त हो तो आवेदक राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत कर सकता है अपील निराकरण के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में स्पष्ट प्रावधान है की अपील का निराकरण 30 से 45 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए. किंतु राज्य सूचना आयोग अत्यधिक प्रकरण होने का हवाला देते हुए सुनवाई तिथि कभी 6 मा तो कभी एक वर्ष और कभी-कभी तो एक से अधिक की भी तारीख दी जाती है.

श्री लव कुमार रामटेके अधिवक्ता ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का मुख्य उद्देश्य किसी प्रकार की जानकारी को आवेदक को तत्काल अथवा अधिकतम 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान किंतु जानकारी समय पर नहीं मिलने से चाही गई जानकारी का कोई उचित नहीं रह जाता इसकी जानकारी निर्धारित समय में मिल जानी चाहिए जिससे आवेदक को मुक्त जानकारी का आत्मा चाही गई जानकारी का उपयोग करने में आसानी हो किंतु सामान्य देखा जाता है कि आवेदन और प्रथम अपील का निराकरण तो निश्चित समय में हो जाता है किंतु राज्य सूचना आयोग में जाकर मामला 2 वर्ष 4 वर्ष और कभी-कभी तो अधिक समय के लिए विलंबित हो जाता है जिससे प्रथम तो आवेदक हताश हो जाता है और कितनी लंबी लड़ाई वह नहीं लड़ पता है दूसरी बात यदि लंबी लड़ाई लड़कर वह जीत भी जाता है या उसे चाहे कोई जानकारी मिल भी जाती है तो उसे जानकारी का 2 साल या 4 साल के बाद औचित् समाप्त हो जाता है. यदि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में किसी भी आवेदक या अपीलार्थी के आवेदन लंबित हो या वे जल्दी सुनवाई कराना चाहते हैं तो भी सीधे माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका प्रस्तुत कर सकते हैं, और अपनी पीड़ा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष रख सकते हैं और अपील की त्वरित निराकरण की मांग कर सकते हैं. जैसा की हमने नगरपालिका निगम राजनंदगांव के इस प्रकरण ने किया है.



**मामला नगर पालिक निगम राजनांदगॉंव का**

## धर्म समाचार....

# इस दिन से शुरू हो रहा है चातुर्मास, नोट करें तिथि, शुभ मुहूर्त एवं नियम

सनातन शास्त्रों में निहित है कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को क्षीर सागर में विश्राम करने जाते हैं और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी तिथि को जागृत होते हैं। अत: कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। चातुर्मास के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है।

हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी मनाई जाती है। इस वर्ष 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। यह पर्व जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि देवशयनी एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम या शयन करने चले जाते हैं। अत: देवशयनी एकादशी तिथि से चातुर्मास शुरू होता है। चातुर्मास में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। आसान शब्दों में कहें तो चातुर्मास में शादी, सगाई, तिलक, विदाई, उपनयन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदारी समेत सभी मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। आइए, चातुर्मास की तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-




**कब से शुरू हो रहा है चातुर्मास ?-** सनातन शास्त्रों में निहित है कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को क्षीर सागर में विश्राम करने जाते हैं और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी तिथि को जागृत होते हैं। अत: कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। चातुर्मास के दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस वर्ष 17 जुलाई से लेकर 12 नवंबर तक चातुर्मास है।

**मुहूर्त-** ज्योतिषियों की मानें तो आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 16 जुलाई को संध्याकाल 08 बजकर 33 मिनट से शुरू होगी और 17 जुलाई को शाम 09 बजकर 02 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। वहीं, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 11 नवंबर को

## खत्म होगा शनि से बना अशुभ योग, सूर्य के राशि परिवर्तन से बढ़ेगी गर्मी, 25 से शुरू होगा नौतपा

14 मई को सूर्य मेष राशि से निकलकर वृष में आ गया है। पिछले एक महीने से सूर्य अपनी उच्च राशि में था। अब 14 तारीख को सूर्य अपनी उच्च राशि छोड़कर वृष राशि में आ गया है। इस राशि में गुरु पहले से ही मौजूद है। अब सूर्य के इस राशि में आने से इसका शुभ असर बढ़ जाएगा। जिससे कुछ लोगों की नौकरी और बिजनेस में अचानक बदलाव हो सकते हैं। वृष राशि में सूर्य के आने से बड़े प्रशासनिक फैसले हो सकते हैं। बैंकिंग सैक्टर से जुड़े लोगों के काम में बदलाव हो सकता है। सरकारी नौकरीपेशा लोगों के फाइनेंस संबंधी रुके काम शुरू हो सकते हैं। महंगाई बढ़ सकती है। प्रशासन और जनता के बीच तनाव और संघर्ष के हालात बन सकते हैं। बीमारियां बढ़ सकती हैं। पड़ोसी देशों के साथ तनाव हो सकता है। कुछ राज्यों में गर्मी बढ़ सकती है। 14 अप्रैल से सूर्य पर शनि की वक्र दृष्टि पड़ रही है। जिससे विवाद और लोगों की उलझनें बढ़ी हुई थी। अब सूर्य राशि बदलकर शनि की टेढ़ी नजर से मुक्त हो जाएगा। जिससे प्रशासन और राजनीति में हो रहे विवादों में कमी आएगी। लोगों के कामकाज में आ रही रुकावटें भी दूर होंगी। 14 मई को सूर्य के वृष राशि में आने के बाद ऋतु भी बदल जाएगी। वैदिक ज्योतिष के मुताबिक जब सूर्य वृष राशि में आता है तो ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत हो जाती है। इस वक्त सूर्य कृत्तिका नक्षत्र में होता है। जिससे धरती पर सूर्य की किरणें ज्यादा देर तक होती है। इस कारण धरती ज्यादा तपती है। इस नक्षत्र और राशि में जब सूर्य रहता है तब ज्येष्ठ महीना होता है। इसके बाद 25 मई को सूर्य सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आता है, तब नौ दिनों तक और ज्यादा गर्मी बढ़ाता है। जिसे नौतपा भी कहा जाता है। वृष संक्रांति से ही गर्मी का मौसम चरम पर रहता है, इसलिए इस दौरान अन्न और जल दान करने का विशेष महत्व है।



nandgaon times may-16-02.qxd 5/16/2024 12:03 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी, की मासिक बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजो को लेकर समीक्षा की गई

## नए जिले के कांग्रेस पदाधिकारियो ने जिले के तीन सौ बूथो में से ढाई सौ से अधिक बूथो में किया जीत का दावा

### चौकी, मोहला व मानपुर में हुई बैठको में कांग्रेसजनो ने प्रशासन पर लगाया प्रताडना का आरोप

**अंबागढ़ चौकी।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार हर माह 14 तारिख को प्रस्तावित ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक परंपरानुसार जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय में सम्पन्न हुई। नए जिले के तीनो ब्लाक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में इस बार सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के चुनावी नतीजो की बूथवार समीक्षा की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियो ने सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी व प्रत्याषी के प्रचंण्ड जीत के दावे किए है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मोहला, मानपुर व अंबागढ चौकी की ब्लाक कमेटी की बैठक मंगलवार को एक ही दिन अलग अलग समय में सम्पन्न हुई। सभी स्थानो की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता एवं मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक में कांग्रेस पार्टी के बूथ, सेक्टर व जोनल कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियो ने सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याषी के नतीजो को लेकर अपनी अपनी चुनावी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी देवानंद कौशिक व सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया की पार्टी के निर्देशानुसार मानपुर में दोपहर 12 बजे , मोहला में दोपहर 2 बजे एवं अंबागढ चौकी में सांय 4 बजे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पीसीसी मेंबंर संजय जैन, रामकेवल विष्वकर्मा, हरीषंकर मिश्रा, अभिमन्यु मंडावी, अवध चुरेन्द्र, गमिता लोन्हारे, मीना मांझी, अजय राजपूत, अब्दुल खालिक, दयानंद षेंडे, मनीश बंसोड, ष्यामसुंदर लाटा, बेनीप्रसाद साहू, लक्ष्मण सिन्हा, सत्तर मालेकर, षेशवरी धुर्वे, बसंत मंडावी, लक्ष्मण सिन्हा, जगन साहू, रामेन्द्र गोआर्य, सरपंच कटेगा, जीतलाल चन्द्रवंषी, शमीमुद्दीन कुरैशी, शंकर निषाद, मुकेश सिन्हा, प्रमोद ठलाल, छगन बंजारे, कौशल देवागंन, रामचरण सारथी, तुरीत प्रसाद पिन्टु तिवारी, राजू नशीने, पन्ना कुंजाम, सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



**ढाई सौ से अधिक बूथो में जीत का दावा**

मंगलवार को सम्पन्न हुई ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में बूथवार लोकसभा चुनाव के नतीजो को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने समीक्षा की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं विधायक इन्द्रशाह मंडावी की मौजुदगी में कांग्रेस संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियो ने नए जिले के तीन सौ छह पोलिंग बूथो में से ढाई सौ से अधिक मतदान केन्द्रो में जीत का दावा किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की विधानसभा चुनाव की तरह हम लोकसभा चुनाव में नए जिले में पार्टी की बढत व जीत की परंपरा को बनाए रखेंगे।

**संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान**

ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कार्यकर्ताओ को चुनावी नतीजो के बाद भी संगठन की मजबूती के लिए अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने का आहवान किया। विधायक श्री मंडावी ने कहा की चुनावी नतीजो के बाद भी वे जनता जनार्दन की समस्याओ के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे। तथा प्रदेश की भाजपा सरकार की असफलताओ एवं झुठे मुददे व भाजपा की कथनी और करनी के अंतरो का खुलासा करते रहे।

**कार्यकर्ताओ ने प्रशासन पर लगाया प्रताडना का आरोप**

ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में कांग्रेसजनो ने अपने विधायक इन्द्रषाह मंडावी के सामने अपना दुखडा सुनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बताया की सम्पन्न लोकसभा चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष के संरक्षण एवं इशारे में कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवं उनके परिजनो को तरह तरह से प्रताडित किया गया है। कांग्रेसजनो ने खुलासा किया की प्रताडना की सिलसिला रूका नही है। अभी भी कांग्रेसियो को निषाने में रखकर उन्हे प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है। कार्यकर्ताओ की माने तो न केवल कांग्रेस कार्यकर्ता बल्कि नई सरकार में जिला व पुलिस प्रषासन के कई अधिकारियो ने पुरे जिले में लूटमार मचा रखी है। हर छोटे, व बडे काम बिना पैसे के नही किए जा रहे है। पैसे की मांग पुरी नही होने पर तरह तरह से प्रताडित किया जा रहा है।

# चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस पर की गयी विशेष आरती

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी को कायस्थ कुल के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी के



अवतरण दिवस के अवसर केदार बाड़ी में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में स्थानीय कायस्थ जनों द्वारा विशेष पूजन व आरती की गयी। इस दौरान कायस्थ समाज अध्यक्ष फणेन्द्र श्रीवास्तव सुरेन्द्र श्रीवास्तव सुधा श्रीवास्तव धर्मेंद्र गोमास्ता संजय श्रीवास्तव अंजय निगम कंचन निगम राजेश श्रीवास्तव अरूण श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव सुधांशु बख्शी निशा बख्शी रितेश सक्सेना नितिन बख्शी सीमा बख्शी मोहन श्रीवास्तव संजीव गोमास्ता नित्या बख्शी स्वधा गोमास्ता श्रेयान बख्शी शिवांश बख्शी श्रेयान्वी बख्शी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जनों उपस्थित रहे।

# डॉ. रमन सिंह आज शहर मे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह कल दिनांक 16 मई को शहर आगमन हो रहा है, इस दौरान वे एक संक्षिप्त कार्यक्रम भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह कल सुबह 11 बजे अपने रायपुर स्थित मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे के जी.ई.रोड स्थित स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास पर आयेंगे तथा यहॉ से एक घंटे पश्चात् कंचनबाग में नवनिर्मित जलाराम मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे फिर वे दोपहर 01.30 बजे कंचन बाग से वापस जी.ई.रोड स्थित अपने निवास स्थान पर आयेगें फिर वे शाम 05.00 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।



# भाजपा 400 के लक्ष्य को पार करेगी - खूबचंद पारख

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि भारत की राजनीति में वर्तमान दौर में हो रहे लोकसभा चुनाव के निर्णय से विश्व जगत में भारत की स्थिति तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज दो विचारधाराओं की लड़ाई इस चुनाव में चल रही है। सकारात्मक विचारधारा के अनुसार मोदी जी 400 के आंकड़े को पार करते हुए 405 सीट लाकर भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने की दिशा की ओर अग्रसर होंगे और विपक्षी महा ठग गठबंधन की करारी हार होगी ।

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि कांग्रेस को कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो कांग्रेस उसे अव्यवस्था आराजकता का शिकार बना देती है । देश आजाद हुआ 1947 में और देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश को समद्धि की ओर ले जाने के बदले देश को अव्यवस्था, आराजकता, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार की ढकेल दिया । जानबूझ कर देश के संविधान में ऐसे ऐसे संशोधन करने के प्रयास कर बाबा साहेब आंबेडकर की भी अपमानित कर रहे थे । देश के अंदर आतंकवाद, अलगाववाद को बढ़ावा देते रहे। उसी में धारा 370 का जोड़ा गया जो भारत के मूल संविधान में नहीं बल्कि 1952 के संशोधन के माध्यम से कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान कर दिया गया । उसी के खिलाफ भारतीय जनसंघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को आंदोलन करना पड़ा था जिसमें नारा दिया गया था कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता यह नारा लगाता था। 65 वर्ष तक कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाए । जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने और अमित शाह जी गृहमंत्री बने तब धारा 370 समाप्त हुई । कश्मीर भारत की मूल धारा से जुड़कर विकास की ओर गतिशील हुआ और कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा हो गया। देश में कहीं भी जोर से पटाखा भी फूटता हैं तो सबसे पहले पाकिस्तान कहता है, मैंने नहीं किया। पाकिस्तान जानता है कि भारत में अगर कोई आंतकवाद फैला कर पकिस्तान में छुपा होगा तो भारत उसे घर में घुसकर मारेगा। क्योंकि भय के बिना प्रीति नहीं होती। श्री पारख ने कहा कि 1947 के बाद जब पाकिस्तान बड़ी अकड़ के साथ भारत से अलग हुआ था आज वहां की 20 करोड़ आबादी के पास अनाज का संकट है, और मोदी जी करीब साढ़े चार वर्ष से 80 करोड़ जनता को अनाज दे रहे हैं वो भी मुफ्त। ये आगामी 5 साल तक जारी रहेगा। बल्कि 10 वर्ष पूर्व पाकिस्तान की जो अकड़ थी मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं नोटबंदी करके उस अकड़ को समाप्त कर दिया है, आज बलूचिस्तान एवं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता सड़कों में आ गई है और पाक के खिलाफ आंदोलन कर रही है, भारत ने भी कह दिया है कि कश्मीर का वह हिस्सा शुरू से ही भारत का अभिन्न अंग है, और भारत उसे लेकर रहेगा। भारत को विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में कोई हनुमान जी , जाम्बवंत तो कोई गिलहरी के रूप में सहयोग दिया है । अब 2047 तक विकसित भारत और देश की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने की संकल्पना को पूरा करने तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीतकर देने का संकल्प ले चुके है ।श्री खूबचंद जी ने कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, महिलाएं सुरक्षित हैं। विकास के नये नये कार्य हो रहे हैं ये सब मोदी जी की ही देन है। ये नया भारत हैं जो देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है। आज देश में हर घर नल जल है, हर घर शौचालय हैं, स्टेट हाइवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग हैं , एम्स हैं ये सब भारतीय जनता पार्टी की पहचान बन चुकें हैं। हैं। 11 करोड़ शौचालय का निर्माण हो चुका है। 10 करोड़ रसोई गैस 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास 11 , करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। उत्तर प्रदेश में 56 लाख प्रधानमंत्री आवास बन चुकें हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री आवास बनने नहीं दिया परंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी हैं। आज देश में 2.5 करोड़ गरीबों के घर में बिजली कनेक्शन है। पारख ने कहा कि युवाओं,महिलाओं,किसान, गरीब मजदूरों के बेहतरी और खुशहाली के लिए मोदी जो को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना तो जरूरी है ही साथ ही 400 के लक्ष्य को पार करेंगे, तभी देश प्रगति पथ पर अग्रसर हो पाएगा। और 4 जून को देश के जागरूक मतदाता मोदी जी को यह आश्रीवाद देने वाले है,यह तय है।



# आश्रित ग्राम गाताटोला में शासकीय सूपा तालाब में अवैध उत्खनन



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** जिले डोंगरगॉव तहसील के ग्राम पंचायत टप्पा के आश्रित ग्राम गाताटोला में शासकीय सूपा तालाब में अवैध उत्खनन कर रहे जेसीबी व टिप्पर ट्रेक्टर से परिवहन कर रहे थे तभी मीडिया पहुँचकर जानकारी मागा तो गोलमटोल जब मिला फिर सरपंच मीना साहू से जानकारी लेने पंचायत पहुचा तो सरपंच ने घबराकर टालमटोल जवाब दिया फिर पंचायत में राजस्व का शिविर चला रहा था ।तभी वह राजस्व विभाग के सभी अधिकारी पहुचे हुए थे ।तब तहसीलदार द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया फिर राजस्व के अधिकारी तालाब पहुचकर देखा तो सभी जेसीबी व टिपर को ट्रैक्टर को बाहर निकाल लिया गया ।इससे साफहै कि सरपंच पति द्वारा मिलीभगत कर शासकीय तालाब का गहरीकरण कर निजी सड़क निर्माण करवा रहे है व गाताटोला के कुछ ग्रामीणों के मिलीभगत से अवैध उत्खनन हो रहा है।



# चिरचारी कला में यादव समाज का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 19 को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्किल कोशरिया यादव समाज चिरचारी कला का नव निर्वाचित सर्किल पदाधिकारी गणों का जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव के मुख्य आतिथ्य में 19 मई दिन रविवार को ग्राम चिरचारी कला में दोपहर 12 बजे शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का भव्य कार्य क्रम जिला पदाधिकारी गणों की उपस्थिति में आयोजित है। इस आयोजित कार्यक्रम में जिला के समस्त सर्किल एवं तहसील के समस्त पदाधिकारी गण भी अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय देंगे। जिला अध्यक्ष श्री यादव एवं महामंत्री महेश यादव ने समस्त पदाधिकारी गणों से अनिवार्य रूप से उपस्थिति की अपील की है।

# मां सीता की आराधना से होती है सर्वविध उत्कर्ष - अरविन्द तिवारी

**सीता नवमीं पर विशेष रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी मनाई जाती है।? सनातन धर्म में ये दिन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इस दिन मां सीता का जन्म हुआ था। भक्त इस अवसर पर मां सीता की सच्चे मन से आराधना करते हैं ताकि घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। इस वर्ष 16 मई को सीता नवमी मनाई जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि मिथिला नरेश जनक अपने खेतों में हल चला रहे थे , तो उस समय उनको वहां से माता सीता पुत्री स्वरूप में प्राप्त हुई थीं। धर्म शास्त्रों के अनुसार इस पावन पर्व पर जो भी भगवान राम सहित मां जानकी का व्रत-पूजन करता है , उसे पृथ्वी दान का फल एवं समस्त तीर्थ भ्रमण का फल स्वत: ही प्राप्त हो जाता है एवं समस्त प्रकार के दुखों, रोगों व संतापों से मुक्ति मिलती है। वैवाहिक जीवन को मधुर बनाने के लिये सीता नवमी के दिन विशेष रूप से श्रीराम संग माता सीता की पूजा करना श्रेष्ठ माना गया है। मान्यतानुसार इस दिन भक्तों को पूजा-अर्चना का मनवांछित फल मिलता है , वहीं मां सीता की व्रत कथा पढ़ने का भी अपना ही अलग महत्व पुराणों में बताया गया है।?? जो भक्त माता सीता की कथा पढ़ता है या सुनता है, उसके जीवन से सारे दुख खत्म हो जाते हैं। सुख का आगमन होता है और माता सीता का आर्शीवाद हमेशा बना रहता है। इस उपलक्ष्य पर बिहार के मिथिला और नेपाल के जनकपुर में विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से विवाहित स्त्रियों को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है , साथ ही पति की आयु लंबी होती है। वहीं, अविवाहित जातकों की शीघ्र शादी के योग बनने लगते हैं। ज्योतिष शास्त्र में सीता नवमी पर शीघ्र विवाह हेतु विशेष उपाय करने का विधान है। अगर आपकी शादी में बाधा आ रही है , तो सीता नवमी पर विधि-विधान से भगवान राम और मां सीता की पूजा करें। सीता नवमी के व्रत का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि जो महिलायें सीता नवमी पर व्रत करती है, उनके पति की लम्बी आयु होती हैं। वहीं, सीता नवमी पर विधि-विधान के साथ पूजा करने पर सुहागिनें सदैव सुखी रहने के साथ सौभाग्यशाली रहती हैं। सीता नवमी के व्रत को करने से आर्थिक तंगी भी दूर होती है। सीता नवमी पर दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है। सीता नवमी के दिन शुभ मुहूर्त में माता सीता को सोलह श्रृंगार की सामग्री अर्पित करने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है और आपके सुहाग पर आ रहे सारे संकट का निवारण होता है। ये सुहाग की सामग्री सुहागिनों को दान करें। विवाह योग्य कन्याओं को मनपसंद जीवनसाथी की कामना के लिये इस दिन राम चरित्र मानस के इस मंत्र का जाप करें - जय जय गिरिवर राज किशोरी , जय महेश मुख चंद चकोरी।।



**सीता नवमी की व्रत कथा-** पौराणिक कथा के अनुसार मारवाड़ में एक देवदत्त नाम का ब्राह्मण रहता था , जो भगवान की पूजा भक्ति में लीन रहता था। देवदत्त की पत्नी जिसका नाम शोभना की सुंदरता की तारीफपूरे क्षेत्र में की जाती थी। यही बात का घमंड उसकी पत्नी के अंदर था। उसके अनुसार वे पूरे संसार में सबसे ज्यादा खूबसूरत और सौंदर्यवान है। इसी घमंडी व्यवहार के कारण वे अन्य लोगों को अपने सामने कुछ समझती ही नहीं थी और अक्सर सभी के साथ बुरा व्यवहार किया करती थी। कुछ समय बाद गांव में बेहद सुंदर कन्यायें आईं , जो देवदत्त की पत्नी शोभना से भी ज्यादा सुंदर थीं। लेकिन ये बात जब ब्राह्मण की पत्नी को पता चली तो वो ईर्ष्या करने लगी।?? अपने क्रोध के कारण उसने पूरे गांव को कुछ लोगों से कहकर जलवा दिया , थोड़े समय बाद ब्राह्मणी की भी मृत्यु हो गई। लेकिन पिछले कर्मों के रूप में उसे अगला जन्म चांडाली का मिला और उसके जीवन में बहुत कष्ट आये , जिसे उसे भुगतना था। उसे हमेशा तिस्कार का सामना करना पड़ता पर वह मां सीता की सच्ची भक्त थी।? एक दिन लोगों के तिरस्कार के कारण बहुत दुखी हो गई और मां सीता की प्रतिमा के सामने अपने दुखों को रोकर बताने लगी। ऐसे में मां सीता ने चांडाली को पूर्व जन्म की याद दिलाई कि पिछले जन्म में चांडाली ने ईर्ष्या के कारण पूरे गांव को आग लगवा दी थी , यह पता चलने के बाद चांडाली को बहुत दुख हुआ और उसने अपने पापों का पश्चाताप करने का सोचा। उसने अपने बुरे कर्मों को नष्ट करने के लिये वैशाख माह की नवमी के दिन उपासना और व्रत रखना शुरू किया। सच्चे मन से की गई भक्ति से मां सीता प्रसन्न हो गईं और आर्शीवाद स्वरूप धीरे-धीरे चांडाली के सभी पापों का नाश होने लगा। चांडाली को पिछले जन्म के पापों से मुक्ति मिली , तभी से मां सीता की पूजा शुरू हुई ? जिसे हम सीता नवमी के रूप में जानते हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com